मनमानी

## फाइलों में गुम शिकायतें, जनपद पंचायत के अधिकारियों की पंचायतों पर विशेष कृपा

# भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में व्यस्त जांच अधिकारी






**नवभारत कटंगी 15 जनवरी।** जनपद पंचायत कटंगी में जांच अधिकारियों की लापरवाही अब खुलकर सामने आ रही है। पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्यवाही करने के बजाए जांच अधिकारी लिपापोती कर औपचारिकता निभाने में सफल हो रहे हैं और उच्च अधिकारियों के निर्देश के पश्चात भी शिकायतों पर कोई ठोस उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पंचायतों की अनेक शिकायतें जनपद में लंबित है और कार्रवाई नहीं होने के कारण सचिव और रोजगार सहायक सहित सरपंचों और उपमंत्रियों के हौसले बुलंद है। इनके द्वारा एक ओर जहां जनकल्याणकारी योजनाओं को खोखला किया जा रहा है, वहीं कार्यों में गुणवत्ता को दरकिनार कर मात्र लिपापोती की जा रही है और फर्जी कार्यों के नाम फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण किया जा रहा है।

### सबूतों के साथ की शिकायत : साखरे

शिकायतकर्ता अनूप साखरे के अनुसार लगभग एक माह पूर्व ग्राम पंचायत खरपड़िया के सरपंच सचिव पर फर्जी बिलों और मजदूरों के भुगतान पत्रक पर अनेक मजदूरों की भुगतान राशि एक ही व्यक्ति के बैंक खाते में डालकर अनियमितता करने की शिकायत सबूतों के साथ जनपद पंचायत कटंगी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को की थी। इसी पंचायत के पूर्व सरपंच द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत बनाए गए शमशान घाट के टीन शेड को वर्तमान सरपंच द्वारा उखाड़ कर लें जाने की सिकायत की गई थी किन्तु आज तक कोई जांच नहीं हुई।

### बगैर जीएसटी के फर्जी बिलों का भुगतान

क्षेत्र में कुछ ऐसी पंचायतें भी है जो बिना जीएसटी वाले फर्जी बिलों के माध्यम से भुगतान कर शासन को चूना लगा रहे हैं। लगायें गये बिलों के फर्मों का भी कहीं अता पता नहीं है। इसके अलावा पंचायत दर्पण पोर्टल पर ब्लर बिलों और बगैर जीएसटी के फर्जी बिलों की भरमार होने की शिकायत पर जांच नहीं कर ऑडिटर भी स्वार्थ साधने में लगे हुए हैं।

### सूचना के अधिकार की उडाई जा रही धज्जियां

शासन ने शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना का अधिकार सन् 2005 का कानून बना कर जानकारी देने का प्रावधान किया था, किंतु कुछ सचिव अपने काले कारनामों को उजागर होने से बचाने के लिए नियम कानून को दरकिनार कर सूचना मांगने वालों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे है। पहले तो आवेदन लेने से इंकार करते हैं और यदि आवेदन ले भी लिया तो जानकारी प्रदान नहीं करते।

**इनका कहना है**

अभी जांच नही हुई है। जल्द ही जांच की जायेगी।

**शैलेन्द्र सिंह अडमे**
**जांच अधिकारी जनपद कटंगी**

शिकायतकर्ता से जांच के लिए संपर्क किया गया था, किन्तु वह बाहर थे। शीघ्र ही जांच की जायेगी।

**वीर कुमार अडमे**
**जांच अधिकारी जनपद कटंगी**



# मकर संक्रांति पर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**नवभारत, बालाघाट।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी बालाघाट विकासखंड अंतर्गत गांगुलपारा जलाशय के समीप जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं अनुपमा एजुकेशन सोसायटी के सहयोग से, प्रकतम ग्राम पर्यटन विकास समिति केरा एवं ग्राम पंचायत टेकाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा। इसी कड़ी में पिपरटोला छोटी झील में पर्यटकों के आकर्षण हेतु नौका विहार (बोटिंग) की भी शुरुआत की गई, जिससे क्षेत्र में पर्यटन संभावनाओं को नया आयाम मिला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे रहे। इस अवसर पर श्रीमती भूमि गेडाम (समन्वयक), अनुपमा एजुकेशन सोसायटी के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इन 16 टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों के बाद प्रथम स्थान सोशल क्लब ने प्राप्त किया जिन्हे 07 हजार रुपए की राशि एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरुस्कृत किया गया। इसी के साथ द्वितीय स्थान सोशल क्लब 'भाई' ने प्राप्त किया जिन्हें 4500 रुपए की राशि पुरुस्कार के रूप में प्रदान की गई तथा तृतीय स्थान जयभारत, गोंडिटोला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन की सराहना की गई। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय विकास को भी गति देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिससे आयोजन सफल एवं यादगार बन गया।

## कृषि विभाग की जिले के किसानों के लिए एडवाइजरी

# गेहूं की फसल में ओरीएंटल आर्मीवर्म का बढ़ता प्रकोप

**नवभारत, बालाघाट।** वर्तमान में गेहूं की फसल में ओरीएंटल आर्मीवर्म कीट का प्रकोप कई क्षेत्रों में देखा जा रहा है। यह कीट सामान्यत: कम संख्या में पाया जाता है, लेकिन अनुकूल परिस्थितियों में यह अचानक स्थानीय रूप से फैलकर भारी नुकसान पहुंचा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ओरीएंटल आर्मीवर्म एक गंभीर हानिकारक कीट है। इसके लार्वा हजारों की संख्या में सेना की तरह एक खेत से दूसरे खेत में पलायन करते हैं, इसी कारण इसे आर्मीवर्म कहा जाता है। कई बार यह कीट महामारी का रूप भी ले लेता है, जिससे गेहूं की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा जिले के समस्?त किसानों को इस कीट के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया है कि इस कीट के विकसित लार्वा लगभग 3-4 सेंटीमीटर लंबे होते हैं। इनका रंग हल्के भूरे से लेकर गहरे काले या मखमली काले रंग का हो सकता है। शरीर पर गहरे भूरे रंग की धारियां तथा हल्के बाल पाए जाते हैं। सिर का रंग भूरा से नारंगी होता है, जिस पर अंग्रेजी अक्षर ';' जैसा निशान स्पष्ट दिखाई देता है। कृषि विशेषज्ञों ने इस कीट से नियत्रण व रोकथाम के लिए समस्?त किसान परिवारो को सलाह दी है कि वे बारिश के बाद शाम 7 से 10 बजे के बीच अलाव जलाकर या प्रकाश जाल (लाइट ट्रैप) का उपयोग कर पतंगों को आकर्षित कर नष्ट करें। इसके साथ ही खेत में दिखाई देने वाले अंडों के समूह और विकसित लार्वा को हाथ से एकत्र कर नष्ट करें। खेत में पक्षियों को आकर्षित करने के लिए टी-आकार के आसन लगाएं, जिससे पक्षी लार्वा को खाकर प्राकृतिक नियंत्रण में सहायता करें। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे नियमित रूप से फसल की निगरानी करें और समय रहते नियंत्रण उपाय अपनाकर संभावित नुकसान से बचें।

# ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ियों ने जीते 14 स्वर्ण पदक



**नवभारत, बालाघाट।** जिले में प्रथम बार गुरुकुल कराते एकेडमी बालाघाट एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन समिति के मार्गदर्शन में प्रथम ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 जनवरी को वेध लॉन, बालाघाट में किया गया। इस प्रतियोगिता में उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश सहित कुल पांच राज्यों के लगभग 375 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन, मार्गदर्शन एवं पुरस्कार वितरण हेतु मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, श्री किरणभाई त्रिवेदी, उपाध्यक्ष श्री योगेंद्र बिसेन, श्री गजेंद्र भारद्वाज, श्री रमाकांत डहाके सहित नगर पालिका बालाघाट के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संयोजक श्री झनेंद्र कटरे रहे।

खेल और युवा कल्याण विभाग के कराते प्रशिक्षक सजिंद्र कृष्णन ने बताया कि ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र मुलना स्टेडियम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त किए है। इस उपलब्धि के साथ बालाघाट, मध्य प्रदेश की टीम ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में शिवाय वासनिक, सीरत भगत, अविका बघेल, मानस अविनाशी, सत्यम बर्वे, वेदांत बोडबे, अद्विक बोपचे, उन्नति मारबद, सैयद आहिल अली, मेघ बिसेन, दिव्यांशी बिसेन हुसैन, आदित्य राणा, ध्रुवांक असाटी एवं सवेरश जजपाले शामिल रहे। तिव्शा सोमनकर ने रजत पदक तथा उर्वित बघेल, आदित्य राणा एवं अन्वी बघेले ने कांस्य पदक अर्जित किया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे, जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा, श्री शैलेंद्र यादव, ओहिल्या कन्हार, श्री कमल तिलासे, श्री ओमप्रकाश दमाहे, एबी फिटनेस से अजय ठाकुर, श्रद्धा भागडकर, प्रणय लांजेवार, राधिका डोंगरे, श्री लक्की मंडावी, आशीष बाघ एवं राकेश वरकडे ने अपनी उपस्थिति देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग के कराते प्रशिक्षक सजिंद्र कृष्णन एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गईं।




# छिंदवाड़ा में पहली बार होगा रियल एस्टेट का भव्य बिज़नेस

**18 जनवरी को सूद इंफ़्रा करेगा ऐतिहासिक आयोजन**

**छिंदवाड़ा।** शहर के रियल एस्टेट इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 18 जनवरी 2026 को सूद इंफ़्रा द्वारा आयोजित किया जा रहा है सूदोने अवार्ड्स 2026, जिसे छिंदवाड़ा की पहली रियल एस्टेट बिज़नेस नाइट बताया जा रहा है। यह आयोजन सिर्फ़ एक पुरस्कार समारोह नहीं, बल्कि रियल एस्टेट, निवेश और व्यापारिक अवसरों का एक साझा मंच होगा, जहाँ प्रोजेक्ट लॉन्च, नई स्कीमों का अनावरण और निवेश से जुड़े बड़े ऐलान किए जाएंगे। सूद इंफ़्रा का उद्देश्य छिंदवाड़ा को टियर -3 से नेक्स्ट -जेन स्मार्ट सिटी की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में एस एन सी मॉल, लाइफसिटी टाउनशिप, और अन्य आगामी प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की जाएगी, जो शहर के व्यापार और जीवनशैली को नया स्वरूप देंगे।

# रिश्वत लेते ऑपरेटर और सेल्समैन को दबोचा

**सिवनी।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए समनापुर खरीदी केंद्र में दबिश दी। यहाँ धान की तुलाई के बाद भुगतान हेतु चालान जारी करने के बदले रिश्वत ले रहे कंप्यूटर ऑपरेटर और सेल्समैन को रंगे हाथों पकड़ा गया। यह कार्यवाही पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त टीम द्वारा की गई।



### क्या है पूरा मामला?

ग्राम भौमाटोला निवासी आवेदक दुर्गेश चंद्रवंशी ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी धान की फसल खरीदी केंद्र पर बेच दी थी। धान की तुलाई होने के बाद भुगतान के लिए आवश्यक 'चालान' देने के एवज में सेवा सहकारी समिति उड़ेपानी के सेल्समैन (खरीदी प्रभारी) हसीब अंसारी द्वारा 1800 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

### रंगे हाथों पकड़ा गया सह-आरोपी

शिकायत की पुष्टि होने के बाद लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने जाल बिछाया। गुरुवार, 15 जनवरी 2026 को जैसे ही आवेदक दुर्गेश चंद्रवंशी ने रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 1500 रुपये कंप्यूटर ऑपरेटर (दैनिक वेतन भोगी) मुकेश ठाकुर को थमाए, वैसे ही सतर्क खड़ी लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

### इन पर हुई कार्यवाही

लोकायुक्त पुलिस ने मुख्य आरोपी हसीब अंसारी और सह-आरोपी मुकेश ठाकुर के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा-7, 12, 13(1)क्कऔर 13(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

## मप्र शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री का मना आभार

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के 1.22 लाख सहायक शिक्षकों एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान कैबिनेट द्वारा स्वीकृत किए जाने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सिवनी द्वारा मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी श्री बृज किशोर शर्मा द्वारा बताया गया कि चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान शिक्षकों की बहु प्रतीक्षित लंबित मांगों में से एक थी जिसके लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ लंबे समय से संघर्षरत था। अपने विभिन्न ज्ञापनों के माध्यम से अनेक बार शासन के समक्ष इस मांग को प्रमुखता के साथ रखा गया। दिनों मुख्यमंत्री जी द्वारा इस मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था जिसे कैबिनेट के द्वारा स्वीकृत किया गया है।

# शिक्षा के मंदिर में 'कोचिंग माफिया' का आतंक

**सिवनी/आदेगांव।** कहते हैं 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का'... आदेगांव के पीएम श्री स्कूल में यह कहावत प्राचार्य जी.एल. नामी और अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा की जुगलबंदी पर सटीक बैठती है। भ्रष्टाचार, तानाशाही और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ के आरोपों से घिरे इस स्कूल की शिकायतें जब एक दर्जन से अधिक दफ्तरों को पार करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की मेज तक पहुंचीं, तो पूरे विभाग में भूचाल आ गया है।

### केमिस्ट्री के नाम पर 'केमिकल लोचा'!

आदेगांव स्कूल इन दिनों अपनी पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि केमिस्ट्री (रसायन शास्त्र) में होने वाली कथित धांधली के लिए चर्चा में है। आरोप है कि अतिथि शिक्षक सत्यम नेमा ने विषय को अपनी 'प्राइवेट जागीर' बना लिया है। कोचिंग का 'जहर': जो छात्र सत्यम नेमा की निजी कोचिंग में नहीं जाते, उन्हें फेल करने और प्रैक्टिकल में नंबर काटने का खौफ दिखाया जाता है। नकल का 'पासपोर्ट': चर्चा आम है कि नेमा के खास चहेतों को केमिस्ट्री के पेपर में 'विशेष रियायत' और नकल का सहारा दिया जाता है। इस पूरे खेल को प्राचार्य जी.एल. नामी का मौन वरदान प्राप्त है। नियमों की धज्जियां उड़ाने का आलम यह है कि प्राचार्य और शिक्षक की इस जोड़ी ने बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति के बच्चों को 1500 किलोमीटर दूर सैर-सपाटे पर ले जाने का साहस किया।

पर्व

## मेला लगा, भंडारा प्रसादी वितरण किया गया, उमड़ा विशाल जनसमुदाय

# मकर संक्रांति पर्व पर बैंनगंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**छपारा।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट संक्रांति मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर घाट पर उमड़ पड़ी, जहाँ भक्तों ने बैंनगंगा नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना की एवं दान-पुण्य किया।

श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों और युवाओं के लिए लगे झूले, खिलौनों की दुकानें एवं विभिन्न स्टॉल मेले का प्रमुख आकर्षण रहे। ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने भी मेले का भरपूर आनंद लिया।

सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन, आयोजन समिति एवं स्वयंसेवकों द्वारा समुचित इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा गया। नगर परिषद छपारा द्वारा मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए चाय की सेवा की गई, जो दिनभर जारी रही।



वहीं गोल्डन टेंपल धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर केवलारी विधायक श्री रजनीश सिंह ने गोल्डन टेंपल स्थित मां बैंगनगा नदी घाट पर विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

संक्रांति मेले ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया। देर शाम तक मेले में रौनक बनी रही और श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ अपने-अपने घरों को लौटे।

# सेतू निर्माण भूमिपूजन, घट ज्योति स्थापना




**पंचकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पर्यटक मंत्री**

**सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने संस्कृति पर्यटन मंत्री का अपने गृह निवास मे आत्मीय स्वागत किया। तथा भूमिपूजन, घट ज्योति स्थापना एवं पंचकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए। आज दोपहर 12:30 बजे संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी के लखनादौन नगर आगमन पर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने गृह निवास पर आगवानी कर शाल, श्रीफल भेंटकर फूलमालाओं आत्मीय स्वागत किया। तथा भोजन गृहण करने के पश्चात मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत स्वीकृत ग्राम पंचायत पीपरढाना के ठेल नदी से समुद्र राजा महाराज पहुंच मार्ग मे बहुप्रतीक्षित सेतू निर्माण का शिलान्यास मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्य अतिथि राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी, सांसद श्रीमती भारती पारधी जी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी के साथ सम्मिलित होकर विधि विधान से पूजन कर शिलान्यास किया। तथा आयोजित पांच दिवसीय कोयापुनेम 52 कलश घट ज्योति स्थापना कार्यक्रम मे शामिल होकर दर्शन-पूजन किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने छपारा नगर मे श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा द्वारा आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम मे सहभागिता किया। जहां आपने दर्शन कर नमन किया। इस दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।